

## सिंधु ने बिंग जियाओ को हराकर अभियान का अंत किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ग्वांग्जू। खिताब की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकीं भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने ग्रुप ए के अपने तीसरे और अंतिम मैच में चीन की ही बिंग जियाओ पर सांत्वना जीत दर्ज करके वर्ष के आखिरी टूर्नामेंट बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल में अपने अभियान का सकारात्मक अंत किया।

पिछले साल की चौंपियन सिंधु अपने पहले दोनों मैच गंवाने के कारण खिताब की दौड़ से पहले ही बाहर हो गईं थीं। बिंग जियाओ के खिलाफ भी पहले गेम में वह 9–18 से पीछे चल रही थी लेकिन इसके बाद उन्होंने बेहतरीन वापसी की ओर 21–19, 21–19 से जीत दर्ज करके ग्रुप में तीसरा स्थान हासिल किया। इस जीत से सिंधु ने इस चीनी खिलाड़ी के खिलाफ लगातार चार हार का सिलसिला भी तोड़ दिया। अब उनका एक दूसरे के खिलाफ रेकॉर्ड 6–9 है। भारतीय खिलाड़ी शुरू में लय हासिल नहीं कर पाई और बिंगजियाओ ने पहले गेम में शुरू में 7–3 और ब्रेक तक 11–6 से बढ़त बना ली। सिंधु ने ब्रेक के बाद भी गलतियां कीं जिससे चीनी खिलाड़ी 18–9 से आगे हो गईं। सिंधु ने हालांकि बेहतरीन वापसी का नजारा पेश किया और लगातार नौ अंक बनाकर स्कोर 18–18 से बराबर कर दिया। बिंगजियाओ ने इसके बाद एक अंक हासिल किया लेकिन सिंधु ने फिर लगातार तीन अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम किया।

# नीलामी के शॉर्टलिस्ट हुए खिलाड़ी उथप्पा भारतीयों में सबसे टॉप ब्रैकेट में

**आईपीएल**

### 8 फ्रैंचाइजी टीमें 19 दिसंबर को कोलकाता में नीलामी करेंगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2020 के लिए नीलामी के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए खिलाड़ियों की सूची जारी की। आईपीएल के अगले सीजन के लिए 8 फ्रैंचाइजी टीमें 19 दिसंबर को कोलकाता में नीलामी करेंगी। 997 रजिस्टर्ड खिलाड़ियों में से 337 क्रिकेटर्स को शॉर्टलिस्ट किया गया है। यह फाइनल लिस्ट 8 फ्रैंचाइजी टीमों द्वारा अपनी पसंद के खिलाड़ी देने के बाद तैयार की गई है। आईपीएल–2020 के लिए यह एक छोटी नीलामी होगी। आईपीएल के 13वें सीजन के लिए कई बड़े नामों पर बोली लगाई जाएगी।

सबसे बड़े बेस प्राइस (2 करोड़) में कोई भी भारतीय खिलाड़ी शामिल नहीं है। ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, मिशेल मार्श, ग्लेन



मैक्सवेल के अलावा साउथ अफ्रीका के डेल स्टेन और श्रीलंका के एंजेलो मैथ्यूज इस सूची में शामिल हैं। 1.5 करोड़ रुपये के बेस प्राइस की सूची में रॉबिन उथप्पा एकमात्र भारतीय बल्लेबाज हैं। तीन भारतीय खिलाड़ी 1 करोड़ और 9 खिलाड़ी 50 लाख रुपये के बेस प्राइस की सूची में शामिल हैं।

**50 लाख रुपये के ब्रैकेट में कौन से खिलाड़ी:** भारतीय टेस्ट टीम के विशेषज्ञ बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा और हनुमा विहारी 50 लाख रुपये के ब्रैकेट में हैं। पुजारा को बीते साल की नीलामी में किसी ने नहीं खरीदा था वहीं विहारी दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा थे जिसे फ्रैंचाइजी टीम ने इस बार रिलीज कर दिया है।

**टॉप 4 ब्रैकेट में भारतीय खिलाड़ी रॉबिन उथप्पा (1.5 करोड़):** कोलकाता नाइट राइडर्स ने इस बार रॉबिन उथप्पा को रिलीज कर दिया। दो बार की चौंपियन टीम ने इस बार कई खिलाड़ियों को रिलीज किया जिसमें उथप्पा भी शामिल थे। बीता सीजन इस भारतीय बल्लेबाज के लिए बहुत अच्छा नहीं रहा। 12 पारियों में उन्होंने 115 के करीब के स्ट्राइक रेट से 282 रन बनाए।

**पीयूष चावला (1 करोड़ रुपये):** पीयूष चावला उन चार गेंदबाजों में शामिल हैं जिनके नाम आईपीएल में 150 विकेट हैं। केकेआर ने इस सीजन में इस लेग स्पिनर को भी रिलीज कर दिया। उनके अनुभव के चलते कई टीमें चावला को अपना हिस्सा बनाना चाहेंगी।

**यूसुफ पठान (1 करोड़ रुपये):** पठान बीते सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेले थे। मध्यक्रम के धाकड़ बल्लेबाज और ऑफ स्पिनर पठान को खरीदने में टीमें कितनी दिलचस्पी दिखाती हैं यह देखना रोचक होगा।

**जयदेव उनादकत (1 करोड़ रुपये)** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकत की फॉर्म लगातार सवालों के घेरे में रही है। उन्होंने खुद को 1 करोड़ रुपये के बेस प्राइस की कीमत में रजिस्टर किया है।

## झारखंड का कमाल, फॉलोऑन मिलने के बाद भी जीत हासिल करने वाली पहली टीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

### एमबी मुरासिंह ने 103 रनों की पारी खेली

अगरतला। गुरुवार को झारखंड की क्रिकेट टीम ने इतिहास रच दिया। रणजी ट्रॉफी के 85 साल के इतिहास में वह पहली टीम बन गई जिसने फॉलोऑन मिलने के बाद जीत हासिल की। त्रिपुरा की टीम ने अपने घरेलू मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए 289 रन बनाए, जवाब में झारखंड की टीम 136 रनों पर ऑल आउट हो गई। आपको यहां बता दें कि चार दिनों के मैच में पहली पारी में 150 रनों की बढ़त से फॉलो–ऑन होता है। ग्रुप सी के इस मुकाबले में त्रिपुरा के कप्तान मिलिंद कुमार ने झारखंड को दोबारा बल्लेबाजी करने को कहा। इसके बाद जो हुआ वह इतिहास में दर्ज हो गया।

मैच अब भी त्रिपुरा के पक्ष में था जब झारखंड के बल्लेबाज इशांक जग्गी और सौरभ तिवारी क्रीज पर टिके हुए थे। आधी टीम पविलियन लौट चुकी थी और झारखंड को पारी की हार से बचने के लिए अब भी 15 रनों की जरूरत थी। हालांकि जग्गी ने टीम मैनेजर पीएन सिंह के साथ दूसरी पारी के लंच के दौरान उम्मीद भरी बात की। क्रिकइंफो के मुताबिक, सिंह ने जग्गी से पूछा, ईडन गार्डन्स का रिपीट हो जाए? जग्गी हालांकि इस बात को लेकर ज्यादा आश्वस्त नहीं थे और उन्होंने जवाब दिया, कभी कभी हो सकता है, बार बार नहीं।

यह बात ईडन गार्डंस के उस मशहूर टेस्ट मैच के बारे में कही गई थी जब 2001 में भारतीय टीम ने फॉलोऑन मिलने के बाद सौरभ गांगुली की अगुआई में ऑस्ट्रेलिया को 171 रनों से हराया था। हालांकि जग्गी को शुरुआत में इस बात पर यकीन नहीं हुआ था लेकिन मैदान पर उनके प्रदर्शन ने उम्मीद जरूर जगाई। जग्गी 207 गेंदों पर 107 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए। उन्होंने तिवारी के साथ 190 गेंदों पर 122 रनों की साझेदारी की। झारखंड ने अपनी दूसरी पारी 8 विकेट पर 418 रन बनाकर घोषित कर दी। अब त्रिपुरा के सामने जीत के लिए 266 रनों का लक्ष्य था और एक दिन से भी कम का वक्त बचा था।

हालांकि इस बीच एमबी मुरासिंह ने जवाबी हमला बोलते हुए 103 रनों की पारी खेली। झारखण्ड के खेमे में खुशी छा गई।

## रोहित शर्मा ने बताया कौन-कौन से खिलाड़ियों को फुटबॉल पसंद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। जिनेदीन जिदान के फैन रोहित शर्मा ने का मानना है कि क्रिकेट में खुद को स्थापित कर चुके कई क्रिकेटर हेयरस्टाइल के मामले में कई फुटबॉलरों को कॉपी करते हैं। रोहित को ला लीगा क्लब रियल मैड्रिड का भारत में ऐंबैसडर बनाया गया है। वह ला लीगा के इतिहास में पहले गैर फुटबॉलर हैं, जिन्हें ब्रैंड ऐंबैसडर बनाया गया है। इस मौके पर रोहित ने एमएस धोनी को फुटबॉल खिलाड़ी के तौर पर रैंकिंग भी दी है। रोहित शर्मा ने कहा, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या जैसे युवा खिलाड़ी फुटबॉल के शौकीन हैं और वे फुटबॉलरों का हेयरस्टाइल भी अपनाते हैं।श उनके पसंदीदा फुटबॉलर और क्लब के बारे में पूछने पर रोहित ने जिदान और रियल मैड्रिड का नाम लिया। रोहित चाहते हैं कि रियल मैड्रिड चौम्पियंस ट्रॉफी जीते। फीफा वर्ल्ड कप में उनकी पसंदीदा टीम स्पेन है। उन्होंने कहा, इसलिए नहीं कि मैं ला लीगा से जुड़ा हूं। मुझे जिनेदीन जिदान का खेल बहुत पसंद है। उन्हें देखकर ही मैं फुटबॉल का शौकीन बना। स्पेन के कौशल का मैं मुरीद हूं।श भारतीय क्रिकेट टीम के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, हमारी टीम के ज्लाटन इब्राहिमोविच इशांत शर्मा हैं।

## न्यूज डायरी



### मैं मानसिक और शारीरिक रूप से थक चुका थारू मैक्सवेल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। मानसिक थकान को मिटाने के लिए ब्रेक लेने वाले ऑस्ट्रेलियाई हरफनमौला खिलाड़ी ग्लेन मैक्सवेल बिग बैश लीग से क्रिकेट में वापसी करने को तैयार हैं। इसी साल अक्टूबर में श्रीलंका के साथ खेली गई टी–20 सीरीज में से मानसिक थकान के कारण नाम वापस लेने वाले मैक्सवेल ने गुरुवार को मेलबर्न स्टार्स के सीजन से पहले लगाए जा रहे शिविर में हिस्सा लिया। मैक्सवेल ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से कहा, 'जब मैंने फैसला किया कि मैं छुट्टी लूंगा तब मैं काफी थक चुका था। सबसे बड़ा कारण यह था कि मैं मानसिक और शारीरिक तौर पर काफी थक चुका था। मैं आठ महीने से लगातार खेल रहा था। इन सभी ने मुझे परेशान कर दिया था। ब्रेक के शुरुआती सप्ताह में आप भावनाओं की कई बयारों में बहते हो, वो पहला सप्ताह बेहद मुश्किल होता है।'

### चोट से उबर चुके हैं जसप्रीत बुमराह, दूसरे वनडे से पहले नेट में करेंगे बोलिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कमर की चोट के बाद रिहैबिलिटेशन में जुटे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे से पहले नेट पर भारतीय टीम के साथ अभ्यास करेंगे। बुमराह स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण साउथ अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज की शुरुआत से ही टीम से बाहर हैं। वह हालांकि अब ठीक होने की राह पर हैं। टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि अगले साल न्यू जीलैंड दौरे से पहले वह फिट हो जाएंगे। वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरा वनडे मैच 18 दिसंबर को विशाखापत्तनम में खेला जाएगा। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, श्बुमराह भारतीय टीम के साथ अभ्यास करेंगे। अब यह परंपरा बन गई है। टीम मैनेजमेंट ने भुवनेश्वर कुमार की फिटनेस भी इंदौर में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट से पहले परखी थी हालांकि वह टीम का हिस्सा नहीं थे। इसी तरह बुमराह की फिटनेस को आजमाया जाएगा।

### अय्यर को वनडे में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए: कुंबले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के पूर्व कप्तान और महान स्पिनर अनिल कुंबले का मानना है कि श्रेयस अय्यर को वेस्ट इंडीज के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करना चाहिए। उनका मानना है कि भारतीय गेंदबाजों के लिये यह सीरीज चुनौतीपूर्ण होगी।

कुंबले ने कहा कि भारतीय गेंदबाजों को वेस्टइंडीज के मजबूत बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने कहा ,'' शिखर के नहीं होने से केएल राहुल को पारी के आगाज का मौका मिला है। श्रेयस अय्यर काफी परिपक्व बल्लेबाज है। मैं चाहूंगा कि वह चौथे नंबर पर उतरे।' दोनों टीमों के बीच पहला वनडे मैच चेन्नै में खेला जायेगा। कुंबले ने स्टार स्पोर्टस से कहा, 'वेस्ट इंडीज के सामने गेंदबाजी चुनौतीपूर्ण होगी।

### विराट और रोहित में कॉम्पिटिशन से टीम इंडिया को हो रहा फायदा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आज जहां टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली क्रिकेट के सारे कीर्तिमानों को ध्वस्त करने की स्थिति में पहुंच गए हैं, वहीं रोहित शर्मा की प्रतिभा और नैसर्गिक खेल ने हर किसी को हैरान कर दिया है। दोनों के बीच रन बनाने की होड़ दिख रही है और टीम इंडिया के लिए ऐसे पॉजिटिव कॉम्पिटिशन से अच्छी खबर नहीं हो सकती। वेस्ट इंडीज के खिलाफ निर्णायक टी20 में टीम की जीत में रोहित–विराट दोनों का बल्ला गरजा। रोहित ने 34 गेंदों में 5 सिक्स समेत 71 रन ठोके तो कोहली ने 29 गेंदों में 7 छक्के समेत नाबाद 70 रन बनाए। ऐसा लगा, दोनों बल्लेबाज श्रेष्ठता की एक दौड़ में दौड़ रहे हैं और यहां कोई किसी से पीछे छूटने को तैयार नहीं है। पिछले कुछ समय से रोहित–विराट के बीच कुछ अंदरूनी मनमुटाव की खबरें भी आई हैं। टीम इंडिया के लिहाज से हालांकि अच्छी खबर यह है कि इनके आपसी रिश्तों का असर इनके व्यक्तिगत प्रदर्शन पर नहीं पड़ा, इसके उलट इसमें और निखार आया।